वी.यू. की पंचगव्य इकाई में शांतिधारा गिर गौशाला एवं दुग्ध योजना के पदाधिकारियों का भ्रमण

शांतिधारा गिर गौशाला दुग्ध योजना बीना बारह, देवरी, जिला सागर के ब्रम्हचारी सचिन एवं इंजीनियर आर.के. जैन ने माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल जी के निर्देशन में पंचगव्य इकाई का भ्रमण किया। इस इकाई के वैज्ञानिकों ने अपने उत्पादों एवं मशीनों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी तथा गोबर के उत्पादों मुख्य तौर पर गोबर के गमले, गोबर की लकड़ी, मच्छर कुंडली, गौ मूत्र, हवन, टिकिया आदि का अवलोकन किया। ब्रम्हचारी सचिन ने वि.वि. द्वारा किये जा रहे उत्पादन की भूरि–भूरि सराहना की। उन्होंने बताया कि शांतिधारा दुग्ध योजना में 450 गिर नस्ल के पशुओं की इकाई है तथा 125 एकड़ भूमि में जैविक खेती की जाती है। ये सब आचार्य विद्यासागर जी की प्रेरणा से निःस्वार्थ भाव से किया जाता है एवं भविष्य में इसे बड़ी इकाई बनाने का संकल्प है। इस समय 20 से भी अधिक पंचगव्य उत्पाद तैयार कर रहे है। गायों के संरक्षण पर भी काम हो रहा है उन्होंने माननीय कुलपति जी तथा छात्रों को भी शांतिधारा दुग्ध योजना के भ्रमण करने का आमंत्रण दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार किया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि.,
जबलपुर